पंजाब केसरी 07/02/2024

महकप्रीत को सम्मानित करते जी.एम.एन. कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त व अन्य। (देवदत्त)

गणतंत्र दिवस पर परेड में शानदार प्रदर्शन के लिए महकप्रीत का हुआ सम्मान

अम्बाला, 6 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के तृतीय वर्ष के छात्र, एन.सी.सी. कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर, महकप्रीत सिंह ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

महकप्रीत की शानदार उपलब्धि पर जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कालेज प्रांगण में पहुंचने पर उन्हें सम्मानित किया एवं छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महकप्रीत सिंह के अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें आज यह उपलब्धि प्रदान की है।

इस अवसर पर एन.सी.सी. के विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन ने कहा कि महकप्रीत सिंह की यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासन और असाधारण क्षमताओं का प्रमाण है।